# 3 करोड़ के भ्रष्टाचार का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जनवरी।** भिंड नगर पालिका में हुए करीब 3 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार मामले में भिंड पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार पाठक के निर्देशन में की गई। नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया।

**सिटी कोतवाली में दर्ज था प्रकरण :** नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मामला थाना सिटी कोतवाली भिंड में अपराध क्रमांक 750/2024 के तहत दर्ज किया गया था। आरोपियों पर धारा 409, 420, 467, 468, 120-बी भादंवि एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) की धारा 13(1)(डी) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

**फर्जी खातों के जरिए किया गया घोटाला :** नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी प्रदीप जाटव और अरविंद्र सिंह ने आरोपी राजेंद्र चौहान के साथ मिलकर नगर पालिका की विभिन्न योजनाओं की राशि का दुरुपयोग किया।

आरोपियों ने अपने परिजनों और परिचितों के बैंक खातों में योजना की राशि ट्रांसफर कर करीब 72 लाख रुपए का गबन किया। जांच में यह भी सामने आया कि इस राशि में से 35 लाख रुपए आरोपी राजेंद्र चौहान को देना बताया गया, जबकि शेष राशि का स्वयं उपयोग किया गया। इसके अलावा आरोपियों द्वारा दो प्लॉट की रजिस्ट्री भी कराए जाने के प्रमाण पुलिस को मिले हैं।

### जांच जारी, और खुलासों की संभावना

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की गहन विवेचना जारी है। नगर पालिका से जुड़े इस बड़े भ्रष्टाचार प्रकरण में आगे और गिरफ्तारियां एवं वित्तीय लेन-देन के खुलासे होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है। नगर पालिका में करोड़ों के घोटाले का यह मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं आमजन में भी इस कार्रवाई को लेकर चर्चा तेज है।

### पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत, प्रआर 348 मनीष सिंह, प्रआर 1068 मनीष सिंह भदौरिया, प्रआर 1056 विनय शर्मा एवं प्रआर 283 राकेश तोमर की विशेष भूमिका रही। वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम की तत्परता और पेशेवर जांच की सराहना की है।

## एक नजर में

### शहीद जवान सुनील कुशवाहा को क्षेत्रवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की



**मेहगांव, 7 जनवरी।** मेहंगाव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खैरोली के आईटीबीपी के शहीद जवान सुनील कुशवाहा की अंत्येष्टि में राजनीतिक,प्रशासनिक एवं ग्रामीणों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी । ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि गृह ग्राम खैरोली के भारत माता के वीर सपूत शहीद स्व. सुनील कुशवाहा ने देश की सेवा करते हुए वतन के लिए शहीद हो गए । हम सभी उनकी शहादत को सलाम करते हुए भावपूर्ण विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजवीर बघेल,संदीप बघेल,पूर्व पार्षद रामा वाल्मीकि,पुष्पेंद्र बघेल,गोलू बघेल, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन सम्मिलित हुए,जवानों द्वारा अमर शहीद को अंतिम सलामी दी गई।

### समाधान योजना के तहत विद्युत बकाया वसूली अभियान तेज



**भिंड।** मध्यप्रदेश शासन की समाधान योजना 2025-26 के अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को बकाया राशि के भुगतान में राहत देने हेतु जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार एवं वसूली अभियान चलाया जा रहा है। योजना का प्रथम चरण 31 जनवरी 2026 तक प्रभावशील है। इसी क्रम में 07 जनवरी 2026 को भिंड शहर में विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, महिला स्टाफ एवं कार्यालयीन अमले द्वारा मैदानी स्तर पर उतरकर घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कायाकल्पर उपभोक्ताओं से प्रत्यक्ष संपर्क कर समाधान योजना की जानकारी दी गई तथा बकाया भुगतान के लिए प्रेरित किया गया। विभागीय जानकारी के अनुसार, भिंड शहर अंतर्गत कुल 50 हजार से अधिक बकायादार उपभोक्ता चिन्हित किए गए हैं। इनमें से 54 उपभोक्ताओं से सीधे संपर्क किया गया, जबकि 7,20,000 रुपए की बकाया राशि में से 1,80,000 रुपए की वसूली की गई। वसूली अभियान के दौरान विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत 05 प्रकरण दर्ज किए गए, वहीं 24 बकायादार उपभोक्ताओं के कनेक्शन विच्छेद की कार्रवाई भी की गई। समाधान योजना का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि से बकाया विद्युत उपभोक्ताओं को एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में छूट प्रदान करना है। यह योजना 'जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान करें और अधिक लाभ पाएं' के सिद्धांत पर आधारित है। योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता पोर्टल पर जाकर अपनी बकाया राशि देख सकते हैं। भुगतान की सुविधा कंपनी के कैश काउंटर, सीएससी, ऑनलाइन पोर्टल सहित विभिन्न माध्यमों से उपलब्ध है। घरेलू उपभोक्ताओं को जहां पूरी सरचार्ज छूट का लाभ दिया जा रहा है।

## पत्रकार मिश्रा की मां के निधन

**मेहगांव, 7 जनवरी।** अधिमान्य पत्रकार एवं मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य घनश्याम मिश्रा की माताजी रामेश्वरी देवी के निधन पर पत्रकारों व समाजसेवियों ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। अंतिम संस्कार ग्वालियर स्थित मुरार मुक्तिधाम में बुधवार दोपहर किया गया। मुखाग्नि घनश्याम मिश्रा ने दी। श्री मिश्रा की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया, राजकुमार दुबे, संदीप शर्मा, प्रहलाद भदौरिया, प्रदीप माढ़रे, सतेंद्र परमार, राकेश शर्मा, महेश मिश्रा, असगर खान, विक्रम सिंह जादौन, अजय शर्मा, सूर्य प्रताप चौहान, उपेंद्र कुशवाह ,पुरुषोत्तम राजोरिया, अरविंद शर्मा,इमरान अली , समाजसेवी सुनील दुबे, श्रीमती विमला कुशवाह,श्रीमती सीमा भदौरिया, प्रेम नारायण शर्मा आदि के नाम शामिल हैं।

## यातायात पुलिस ने 35 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए रेडियम, 70 वाहनों के काटे चालान



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जनवरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। 'सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा' थीम पर आधारित इस अभियान के तहत भिंड जिले में यातायात पुलिस ने जागरूकता के साथ-साथ नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में थाना यातायात द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान रक्षित निरीक्षक राघवेंद्र भार्गव, सूबेदार आदित्य मिश्रा, उप निरीक्षक गौरीशंकर यादव, आरक्षक मोहित तोमर एवं आरक्षक रामलाल की टीम ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में सघन चेकिंग की। अभियान के दौरान करीब 35 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम टेप लगाए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रात के समय भारी वाहनों के पीछे रेडियम न होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। रेडियम लगाए जाने से ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दूर से ही नजर आएंगी, जिससे सड़क हादसों में कमी आएगी।

**जागरूकता पर भी जोर :** चालानी कार्रवाई के साथ-साथ यातायात पुलिस ने आम नागरिकों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, वाहन के संपूर्ण दस्तावेज रखने और सुरक्षित गति से वाहन चलाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट वितरित कर लोगों को नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई नहीं, बल्कि लोगों को जिम्मेदार नागरिक बनाना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

### नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्ती बरतते हुए बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, बिना नंबर प्लेट एवं बिना बीमा के चल रहे लगभग 70 वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान काटे गए। पुलिस ने वाहन चालकों को स्पष्ट संदेश दिया कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अंधे कत्ल का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जनवरी।** आलमपुर थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार पाठक के निर्देशन तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी प्रविण त्रिपाठी के मार्गदर्शन में की गई।

**रात में सोते समय की गई थी हत्या :** टीआई रवि उपाध्याय ने बताया कि घटना 14-15 वंबर 2025 की दरमियानी रात की है। फरियादी रामपाल कोरच निवासी गांगीपुरा ने थाना आलमपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके पिता शिवनारायण कोरच (उम्र 75 वर्ष) की अज्ञात आरोपियों द्वारा धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। थाना आलमपुर में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि मृतक और आरोपियों के बीच पुरानी पारिवारिक रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी बादाम सिंह कुशवाह पुत्र स्व. सुखलाल कुशवाह उम्र 55 साल, शिवरतन सिंह कौरव पुत्र शंकर प्रसाद कौरव उम्र 58 साल और महेन्द्र सिंह कौरव उर्फ कल्लू पुत्र शिवप्रताप सिंह कौरव सभी निवासीगण ग्राम गांगेपुरा ने साजिश रचकर वारदात को अंजाम दिया।

### तकनीकी साक्ष्य और गहन विवेचना से सुलझी गुत्थी

टीआई रवि उपाध्याय ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट द्वारा कराया गया। पुलिस को घटनास्थल से महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य मिले, जिनका वैज्ञानिक परीक्षण कराया गया। साथ ही तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर सूचना और अन्य प्रमाणों के आधार पर संदेहियों से पूछताछ की गई।

## बूथ चलो गांव चलो
## अभियान से कांग्रेस संगठन को मिली नई मजबूती : गुर्जर



**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 7 जनवरी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आव्हान पर प्रदेशभर में चल रहे बूथ चलो गांव चलो अभियान के तहत बुधवार को अटेर विधानसभा के पावई ब्लॉक कांग्रेस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर अभियान चलाया गया इस मौके पर अटेर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं पावई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमेर सिंह नरवरिया के नेतृत्व में अभियान को पावई ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में कांग्रेस कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के बीच बैठकर पंचायत कांग्रेस समितियों का गठन किया गया।

इस अवसर पार्टी कार्यकताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि पार्टी का उद्वेश्य जमीनी स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करना ओर ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की पकड़ को मजबूत करना जब तक गांव स्तर पर कांग्रेस मजबूत नहीं होगी जब तक प्रदेश भी मजबूत नहीं हो सकता उन्होंने कहा कि यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने ओर आम जनता की समस्याओं को सीधे सुनने का माध्यम है जिससे आम लोगों समस्याओं की आवाज को बुलंद कर सके एब भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को उजागर कर सके पावई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमेर सिंह नरवरिया ने कहा आज विधानसभा के पावई ब्लॉक से 'बूथ चलो, गाँव चलो' अभियान की शुरुआत की गई है। आगामी दिनों मे सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तरीय कांग्रेस समितियों का गठन कर गाँव-गाँव तक कांग्रेस पार्टी के संगठन को सशक्त एवं मजबूत किया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुर्जर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजमेर सिंह नरवरिया, लक्ष्मन गुर्जर, दुलारे सिंह नरवरिया, प्रदीप गुर्जर, रामपाल सिंह, अंकित नरवरिया, शेलू भदौरिया, लाखन जाटव धान सिंह जाटव पप्पू सेन श्यामू भदौरिया, अभिषेक शर्मा, राहुल बघेल, देव सिंह आदि।

## शीतलहर को देखते हुए
## आंगनबाड़ी केंद्रों का समय बदला

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 7 जनवरी।** जिले में पड़ रही कड़ाके की सर्दी और शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा भिंड

### बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए कलेक्टर का आदेश



ने मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशों के पालन में आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया है। यह निर्णय आंगनबाड़ी केंद्रों में अध्ययनरत छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्र अब प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक संचालित होंगे। कलेक्टर द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अपरान्ह 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्व की भांति गृह भेंट, अभिलेखों का संधारण तथा अन्य विभागीय गतिविधियों का संचालन करेंगी। प्रशासन का मानना है कि इस समय परिवर्तन से ठंड के मौसम में बच्चों को सुबह की अधिक ठिठुरन से राहत मिलेगी और उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है और जिले के समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों को इसका सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भोपाल में सच्चिदानंद अर्गल का हुआ चयन

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 7 जनवरी।** जब मेहनत जुनून में बदल जाए और लक्ष्य आंखों में बस जाए, तब कामयाबी खुद रास्ता बना लेती है, भिंड जिले के मेहगांव का बेटा सच्चिदानंद

### परिवार में खुशी की लहर

अर्गल ( शैलू ) ने कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। 12 वीं मैथ्स का छात्र रहा सच्चिदानंद अर्गल ( शैलू ) ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) में लगभग देशभर में 85 हजार छात्रों के बीच मे ऑल इंडिया रैंक-256 लाकर छोटे कस्बे का नाम रोशन कर दिया ।



सच्चिदानंद अर्गल ने न केवल अपने माता-पिता और विद्यालय, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। जैसे ही कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज की ओर से क्लैट परीक्षा जारी हुआ, बेटे की उपलब्धि की खबर से स्कूल और घर में खुशी की लहर दौड़ गई। देशभर से करीब लगभग 85 हजार विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में हिस्सा लिया था। इतनी कड़ी प्रतिस्पर्धा में हासिल करना सच्चिदानंद की निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रमाण है।

इस सफलता के साथ ही अब सच्चिदानंद को देश के प्रतिष्ठित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी भोपाल में पांच वर्षीय स्नातक विधि पाठ्यक्रम में प्रवेश मिल गया है, कक्षा 12वीं मैथ्स सब्जेक्ट से श्री रामजीलाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से उत्तीर्ण की, उसके बाद कॉमन लॉ टेस्ट की तैयारी करना शुरू दो वर्षों के अथक प्रयासों के बाद आखिरकार सफलता हासिल हुई।

### पढ़ाई के प्रति समर्पण ने बेटा सच्चिदानंद को इस मुकाम तक पहुंचाया

सच्चिदानंद अर्गल भिंड जिले के मेहगांव के निवासी हैं। परिवार का कहना है कि संस्कार, सकारात्मक वातावरण और पढ़ाई के प्रति समर्पण ने बेटा को इस मुकाम तक पहुंचाया। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और हर कोई इस बेटे की सफलता पर गर्व महसूस कर रहा है। सच्चिदानंद अर्गल की कहानी यह साबित करती है कि छोटे शहरों से भी बड़े सपने उड़ान भर सकते हैं । नियमित अध्ययन, विशेष कक्षाएं, मॉक टेस्ट और ऑनलाइन पढ़ाई से उसने तैयारी को मजबूत किया । सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखना उसकी सफलता की बड़ी वजह रही। उन्होंने कहा कि अच्छी रैंक की उम्मीद थी, सच्चिदानंद की उपलब्धि यह संदेश देती है कि संसाधनों की सीमाएं भी दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे छोटी पड़ जाती हैं। छोटे शहरों के लोग भी बड़े सपने देख सकते हैं और मेहनत व सही मार्गदर्शन से उन्हें साकार कर सकते हैं, जो सच्चिदानंद अर्गल ने कर दिखाया।



## अधिवक्ता अनिल मिश्रा की रिहाई पर हर्षोल्लास

**भिण्ड, 7 जनवरी।** शहर के परेड चौराहे पर मंगलवार को उस समय उत्सव का माहौल बन गया, जब ग्वालियर के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल मिश्रा की जेल से रिहाई की सूचना मिलते ही उनके समर्थक एकत्रित हो गए। इस अवसर पर श्रीराम सेना के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा लड्डू वितरण कर खुशी का इजहार किया गया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान समर्थकों ने अधिवक्ता अनिल मिश्रा के समर्थन में नारे लगाते हुए कहा कि उनकी रिहाई सत्य और न्याय की जीत है। उपस्थित लोगों का कहना था कि अनिल मिश्रा ने हमेशा सामाजिक और कानूनी मुद्दों पर निर्भीक होकर आवाज उठाई है और उनकी रिहाई से आमजन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। लड्डू वितरण कार्यक्रम में श्रीराम सेना के प्रमुख कार्यकर्ता विनीत शर्मा बंटी, रोमी चौहान, रिशेंद्र सिंह राजावत, जीतू जामपुरा, रॉकी तोमर, गौरव दीक्षित, रोहित राजावत, अनुराग भदौरिया, कृष्णा शास्त्री, रामनरेश जादौन सहित अनेक कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## एसआरएफ फाउंडेशन चला रहा ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 7 जनवरी।** एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित रूरल एजुकेशन प्रोग्राम, भिण्ड के अंतर्गत चयनित दस शासकीय विद्यालयों के संस्था प्रधान एवं बाल संसद स्वच्छ विद्यालय प्रभारी शिक्षकों के साथ बैठक का आयोजन खण्ड शिक्षा

### विद्यालय व छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए बैठक का आयोजन

अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज एवं एसआरएफ फाउंडेशन के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी अकरम सिद्दीकी के नेतृत्व में एसआरएफ लिमिटेड, मालनपुर में किया गया।

मीटिंग की शुरुआत चैन सिंह किरार द्वारा सभी संस्था प्रधान एवं शिक्षकों का हार्दिक स्वागत करते हुए मीटिंग के उद्देश्य को साझा कर चेतना गीत - मैं तुमको विश्वास दूँ,





तुम मुझको विश्वास दो- के माध्यम से बैठक की शुरुआत की गई। इसी क्रम में अकरम सिद्दीकी के द्वारा छात्रों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत निपुण भारत मिशन के अनुसार छात्रों के शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार हेतु निरंतर प्रयास करने के लिए संस्था प्रधान एवं शिक्षकों को प्रेरित किया गया। साथ ही विद्यालय में छात्रों के साथ मॉर्निंग असेंबली के दौरान न्यूज़ पेपर रीडिंग, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास आधारित गतिविधियों को नियमित संचालित करने की बात भी कही गई।

मीटिंग के दौरान अकरम सिद्दीकी के द्वारा सभी विद्यालय में छात्रों हित में शिक्षण से संबंधित मूल आवश्यकताओं जैसे टीएलएम सामग्री एवं मॉर्निंग असेंबली हेतु म्यूज़िकल इंस्ट्रूमेंट जैसे अन्य संसाधन उपलब्ध कराने की बात करते हुए सहयोग करने की बात कही। साथ ही प्रत्येक विद्यालय में प्रतिमाह सामुदायिक बैठक एवं शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करने तथा समुदाय के साथ विद्यालय की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने पर भी जोर दिया गया।बैठक के दौरान चैन सिंह किरार के द्वारा रंग-तरंग प्रतियोगिता के आयोजन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही अक्टूबर, नवंबर एवं दिसंबर माह में साइंस लैब, लाइब्रेरी एवं डिजिटल कक्ष से लाभान्वित छात्रों का डेटा आपस में एक दूसरे के साथ साझा करते हुए, बाल संसद छात्र टीम एवं प्रभारी शिक्षक के सहयोग से मासिक स्वच्छ विद्यालय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को एसआरएफ फाउंडेशन की ओर से यूनिट हेड राजेश खन्ना एवं राकेश तिवारी के माध्यम से शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज के द्वारा बैठक के दौरान सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा विद्यालय में उपलब्ध कराए गए सभी संसाधनों का पूर्ण ईमानदारी एवं आपसी सहयोग से प्रभावी उपयोग करते हुए छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया एवं एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा समाज हित में विद्यालय एवं आंगनवाड़ी स्तर पर पूर्ण समर्पण के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में किए जा रहे कार्य एवं नवाचारों की सराहना करते हुए विभाग की ओर से आभार व्यक्त किया।

संकुल प्राचार्य धर्मेन्द्र भारद्वाज के द्वारा सभी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि एरिया ऑफ कंसर्न पर गंभीरता से ध्यान न देने तथा छात्रों के साथ दैनिक शैक्षणिक गतिविधियों में निरंतर सुधार करते हुए एरिया ऑफ इंपैक्ट को बढ़ाने हेतु शिक्षकों का मार्गदर्शन कर उत्साहवर्धन किया गया।बैठक के दौरान श्याम किशोर भारद्वाज (खंड शिक्षा अधिकारी गोहद), संकुल प्राचार्य धर्मेंद्र भारद्वाज , सचेंद्र कांकर, राजेश खन्ना (यूनिट हेड स्त्रस्न स्न्नस्त्र मालनपुर), राकेश तिवारी (एच आर मैनेजर), अकरम सिद्दीकी (वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी), चैन सिंह किरार, 8 संस्था प्रधान, 12 प्रभारी शिक्षक सहित एसआरएफ फाउंडेशन टीम उपस्थित रही।